(b) whether it is a fact that indigenous paddy-shelling machinery can not stand competition in the international market qualitatively;

(c) if so, whether outside investment in new paddy shelling projects will be without any licence so as to become competitive in the international market, if so, details in this regard; and

(d) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES (SHRI K.P. SINGH DEO): (a) No, sir. The Ministry of Food Processing Industries has introduced a Bill in the Parliament for the repeal of Rice Milling Industry (Regulation) Act, 1958. When this Bill is passed, any person will be free to install a rice mill without any permit/licence in any State of the country.

(b) No Such study has been undertaken in this regard.

(c) & (d) Licence is necessary at present under the Rice Milling Industry (Regulation) Act, 1958 for setting up of such projects, as the Act has not yet been repealed.

दिल्ली पुलिस द्वारा कथित रूप में लोगों को परेशान किया जाना

2426. **श्री रामजीलाल:** क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को 24 नवम्बर, 1995 के "दैनिक जागरण" में इस आशय के प्रकाशित समाचार की जानकारी है कि दिल्ली पुलिस के अधिकारी लोगों को उनके खिलाफ झूठे मामले बनाकर परेशान कर रहे हैं;

(ख) क्या ऐसे थानाध्यक्षों के खिलाफ सरकार को इस वर्ष कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं; यदि हां, तो सरकार इन मामलों की जांच कब तक कराने का विचार रखती है;

(ग) क्या ऐसे ही अधिकारियों ने अपराध-शाखा दल के छद्मवेश में जांच करके इस मामले को दबा दिया था; और

(घ) सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो० एम० कामसन): (क) जी हां, श्रीमान।

(ख) जी हां, श्रीमान्। उपर्युक्त के अलावा एक अन्य मामला भी ध्यान में आया है। पांच पुलिस कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

तथापि, महरौली थाने के थाना प्रभारी द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज न किए जाने संबंधी एक मामला भी सरकार के ध्यान में लाया गया है। इस मामले में जांच का आदेश दे दिया गया है।

(ग) ऐसा कोई मामला ध्यान में नहीं आया है।

(घ) अपराध में पुलिस कर्मियों की संलिप्तता को रोकने और इसमें जनता का विश्वास पैदा करने के लिए दिल्ली पुलिस उन सभी मामलों, जिनमें कि पुलिस कर्मी अपने पद की दुरूपयोग करने या अपराध में लिप्त पाए जाते हैं, में अनुशासनात्मक कार्यवाही सहित निवारक कार्रवाई करती रही है। पुलिस कर्मियों में अपेक्षित व्यवहार-संबंधी परिवर्तन लाने के लिए दिल्ली पुलिस प्रारम्भिक प्रशिक्षण तथा पुनश्चर्या पाठ्यक्रम दोनों के लिए ही प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में संशोधन कर रही है। संपर्क सभाओं के जरिए, बल के सदस्यों को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ब्रीफिंग भी दी जाती है। वरिष्ठ अधिकारियों तक जनता की पहुंच होने पर जोर दिया जा रहा है। संदिग्ध निष्ठा वाले पुलिस कर्मियों के आचरण पर, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार की सतर्कता शाखा और भ्रष्टाचार-निरोधक शाखा द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों वाली एक उच्चाधिकार प्राप्त निरीक्षण टीम, जनता के साथ पुलिस कर्मियों के दुर्व्यव्हार को रोकने के लिए अचानक जांच करती है। हर गिरफ्तार व्यक्ति को, अपने गिरफ्तारी के बारे में अपने संबंधियों अथवा मित्रों की सूचित करने के लिए थाने के टेलीफोन का प्रोयोग करने की

अनुमति है। एक केन्द्रीय जांच टीम चौबीस घंटे कार्य करती है और यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसी को अवैध रूप से निरूद्ध न रखा जाए, थानों/पुलिस चौकियों का अचानक दौरा करती है। गलती करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के आमतौर पर संतोषप्रद परिणाम निकले हैं।

"Sandalwood Growing Areas"

2427. SHRI R. MARGABANDU: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased State:

(a) the sandalwood growing areas in the country;

(b) whether there is increasing felling of sandalwood trees in these areas; and

(c) the steps taken by Government to protect and grow more sandalwood trees in these areas to earn more foreign exchange?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI RAJESH PILOT): (a) Details of areas, where Sandalwood is found as reported by the Sandalwood producing State Govts., are as under:

Sl. No.	State	Area in hectare
1.	Karnataka	3,04,000 (Approx.)
2.	Tamil Nadu	3,00,000 (Approx.)
3.	Kerala	1,600 (Approx.) in Idukki district
4.	Andhra Pradesh	Occurs only sporadically
5.	Orissa	3,000 (Approx.)
6.	Maharashtra	Occurs only sporadically
7.	Madhya Pradesh	6,000 (Approx.)

(b) No Sir.

(c) Does not arise.

मध्य प्रदेश के विदिशा और रायसेन क्षेत्रों में नई दूरसंचार परियोजनाएं

2428. **श्री राघवजी:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश के विदिशा और रायसेन जिलों में टेलीफोन प्रणाली के सुधार के लिए आगामी एक वर्ष में कौन-कौन सी परियोजनाएं शुरु की जाने वाली हैं; और

(ख) इन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और इनका निर्माण कार्य कब शुरू हो जाएगा तथा इन्हें कब तक पूरा कर लिया जाएगा?

संचार मंत्रालय के (राज्य मंत्री श्री सुखराम): (क) और (ख) विदिशा व रायसेन जिलों के ब्यौरे नीचे क्रमशः विवरण I व II में दिए गए हैं।

विवरण-I

मध्य प्रदेश में जिला विदिशा की सूरसंचार परियोजनाओं के ब्यौरे

क्र०सं०	परियोजना का नाम	किस्म	स्थान	पूरा होने की संभावित तारीख
1.	एक्सचेंज	सी-डॉट 1.4 के	विदिशा	3/96
2.	"	सी-डॉट 512 पी	नटेरा	3/96
3.	"	सी-डॉ 512 पी	सिरोंज	3/96
4.	"	सी-डॉट 3.0 के	गंजबसौड़ा	3/97
5.	ओएफसी	ओएफसी	विदिशा नटेरा	3/97
6.	ओएफसी	ओएफसी	विदिशा कुवई	3/97
7.	यएचएफ	30 चैनल यूएचएफ	लटेरी सिरोंज	3/97
8.	यूएचएफ	120 चैनल यूएचएफ	सिरोंज गंजबसौड़ा	2/7
9.	भवन	एसबीएम	गंजबसौड़ा	3/96
10	"		सिरोंग	3/97
11.	"	"	नटेरा	3/97

विवरण-II

मध्य प्रदेश के जिला रायसेन की दूरसंचार परियोजनाओं के ब्यौरे

क्र०सं०	परियोजना का नाम	किस्म	स्थान	पूरा होने की संभावित तारीख
1.	एक्सचेंज	सी-डॉट 1.0 के	मण्डीदीप	3/96
2.	"	सी-डॉट 512 पी	रायसेन	3/96
3.	"	सी- डॉट 512 पी	सिल्वानी	3/96
4.	"	सी-डॉट 0.8 के	बरेली	3/96
5.	"	सी-डॉट 0.8 के	बेगमगंज	3/97
6.	"	सी-डॉट 0.8 के	ओबेदुल्ला गंज	3/97